शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 01.12.2025

## काव्यांजलि
2690

दिन सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

### कक्षा-4, विषय- हिन्दी, पाठ- 15, (भाग-4)

## वीर अभिमन्यु

अभिमन्यु पड़ गये अकेले,
मचा कोलाहल शत्रु के खेमे।
कुरु-सेना हो गयी बेहाल,
अब अनीति दुर्योधन खेले।।



सातों महारथी घेरे खड़े सब,
किया सारथी का शिकार अब।
धनुष काट कर दिया निहत्था,
अभिमन्यु हुंकार उठा तब।।

पहिये को हथियार बनाया,
द्रोणाचार्य को फिर ललकारा।
टूटा नियम आपके सम्मुख,
वार निहत्थे पर करवाया।।

पुत्र-दुशासन गदा प्रहारा,
अभिमन्यु के सिर मारा।
गिरा निढाल वीरगति पाया,
निज जननी का मान बढ़ाया।।

रचन- पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
क्षेत्र व जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 02.12.2025

# काव्यांजलि
2691

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 08 विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)
पाठ- 07

## भारत के बन्दरगाह

समन्दर या नदी से जुड़ा,
बन्दरगाह है होता।
कभी चलती पानी की जहाज,
कभी लोग लगाते गोता।।

पश्चिमी तट पर कांडला,
दाहेज प्रमुख गुजरात में।
मुम्बई अति व्यस्त है,
दिन हो चाहे रात में।।




न्यू-मंगलौर, हंगरकट्टा,
बेलेकरी कर्नाटक का।
कोच्चि अजीकल और
केरल में है अलपुझा।।

पूर्वीतट पर तूतीकोरिन,
चेन्नई तमिलनाडु में आते।
विशाखापत्तनम आंध्र में,
डॉल्फिन नोज है कहाते।।

रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
03-12-2025

काव्यांजलि
2692

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-5 विषय- हमारा परिवेश पाठ- हमारी फसलें

भारत के अलग अलग राज्यों में,
होती हैं फसल अलग-अलग।
मौसम के आधार पर कहलाती,
रबी, खरीफ और जायद।।



उन्नतशील बीज होते तैयार,
नयी-नयी वैज्ञानिक विधियों से।
फसलों की सिंचाई की जाती है,
कई अलग-अलग साधनों से।।

गोबर, कम्पोस्ट, नीम खली से,
तैयार होती है जैविक खाद।
फसल को नहीं होता कोई,
नुकसान इसे डालने के बाद।।

रासायनिक खाद शुरु में,
खूब बढ़ाती है पैदावार।
पर इससे धरती होती बंजर,
और लोग पड़ते हैं बीमार।।

रचना- ज्योति सागर' सना (स०अ०)
पी एम श्री उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
काव्यांजलि
2693
दिनांक 04/12/2025
दिन गुरुवार



आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 1 पाठ-9 विषय- हिन्दी (सारंगी 1)

# आलू की सड़क



भालू चला नानी के घर,
पीठ पर बोरा आलू भर।
रास्ते में खाऊँगा,
खूब मजे उड़ाऊँगा।।




बोरे में था छेद बड़ा-सा,
भालू भी खोया सपना-सा।
भालू चलता धप्प, धप्प, धप्प,
आलू गिरते टप्प, टप्प, टप्प।।

एक बन्दर बैठा पेड़ पर,
पूँछा जा रहे कहाँ पर?
अपनी धुन में जा रहे हो,
धप्प, टप्प, धप्प, टप्प सुना रहे हो।।

उसने नीचे पेड़ से देखा,
आलू से एक बनी थी रेखा।
अब मैं पता लगा सकता हूँ,
भालू के पीछे जा सकता हूँ।।



रचना:-
नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर
निधौली कलां, एटा

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।
आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
05 दिसम्बर 2025

काव्यांजलि
2694

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 4, विषय- संस्कृत, पाठ- 08

# स्वतन्त्रता दिवसः

राष्ट्र दिवस में एक प्रमुख,
है दिन आजादी का।
पूरा हुआ आज ही के,
दिन स्वप्न आजादी का।।




प्रधानमन्त्री भारत देश के,
तिरंगा ध्वज फहराते हैं।
साफ कपड़े पहन के,
सब विद्यालय जाते हैं।।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक,
राष्ट्र ध्वज फहराते हैं।
सारे बच्चे मिल कर,
फिर राष्ट्रगान गाते हैं।।

विद्यालय में फिर सब,
बच्चे मिठाई खाते हैं।
हँसते गाते फिर सब,
बच्चे घर को जाते हैं।।

रचना:-
पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय धनीपुर,
क्षेत्र- धनीपुर (अलीगढ़)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
06 दिसम्बर 2025

## काव्यांजलि
2695

दिन
शनिवार

पाठ-03

आपका दिन शुभ हो।

### कक्षा-08, विषय- इतिहास (हमारा इतिहास और नागरिक जीवन)

## राष्ट्रीय भावना के विकास के कारण

तीव्र परिवहन डाक तथा,
संचार व्यवस्था हुयी प्रभावी।
भारत की राजनीतिक एकता,
राष्ट्र भावना उदय थी भावी।।

नए बुद्धिजीवी वर्ग का,
था भारत में उदय हुआ।
वकील, डॉक्टर, अध्यापक,
कनिष्ठ प्रशासक खड़ा हुआ।।

अंग्रेजी थे पढ़े-लिखे ये,
थे अधिकारों से परिचित।
असन्तोष के केन्द्र बिन्दु ये,
किए राजनीतिक नेतृत्व।।

प्रेस तथा साहित्य और,
अंग्रेजी भाषा की भूमिका।
नस्लीय दम्भ अंग्रेजों का,
आर्थिक शोषण भारत का।।


Amrita Bazar Patrika
Preventive Detention Needed For Security
Home Minister's Plea
Red M. P. Asked To Quit House
Supply Of Crude Oil To Europe
Tariff Bill Returned
TANKS STAND BY IN CAPITAL AS PRECAUTION
ENGLAND 293 FOR SEVEN WICKETS IN 1ST INNINGS





टेलीग्राम मशीन

रचना- अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।

काव्यांजलि
2696

दिनांक 08.12.2025
दिन गुरुवार



आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 08, विषय- कृषि विज्ञान पाठ- 09**

# फल परिरक्षण

सन्तुलित आहार में फल-सब्जी,
बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं।
विटामिन, प्रोटीन से भरपूर,
रक्षात्मक आहार कहलाते हैं।।



मौसम अनुरूप हमें बाजार में,
फल-सब्जियाँ मिल जाती है।
बिना मौसम यह पाने हेतु,
संरक्षित कर रख ली जाती हैं।।

जाम, जेली, सॉस बनाकर,
रख सकते हैं इन्हें सुरक्षित।
नीबू, आम, मिर्च, आँवला को,
आचार बना करते हैं संरक्षित।।

जब इन्हें संरक्षित करना हो,
तब ताजी सब्जी-फल लाना।
सही संरक्षण प्रक्रिया करके,
इसको उपयोग में तुम लाना।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढायें

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

दिनांक 09 दिसम्बर 2025

काव्यांजलि

2697

दिन मंगलवार



आपका दिन शुभ हो।

हमारा भूमण्डल   पाठ- 11   कक्षा- 7

## प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (टुण्ड्रा प्रदेश)



उत्तरी ध्रुव के चारो ओर देखो,
आर्कटिक महासागर का है हिस्सा।
चारो ओर बड़ा सा है भाग,
आओ सूनें हम इसका किस्सा।।

पूरे साल बर्फ से जमा रहता,
यह टुण्ड्रा प्रदेश है कहलाता।
हैं एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका,
हाँ! यही टुण्ड्रा प्रदेश कहलाता।।



उत्तरी ध्रुव के समीपवर्ति भागों में,
फैला है एक पतली पेटी रूप में,
कई महीने रहती ठण्डी लगातार।
रहता दिन जुलाई, मई, जून में।।

नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी में,
सूर्य बिल्कुल भी नहीं है दिखता।
छिप जाता है सूर्य जाने कहाँ?
कि उसका पता ही नहीं मिलता।।

रचना:-

रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलायें   9458278429   बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें



# काव्यांजलि

दिनांक 10-12-2025

**2698**

दिन बुधवार


आपका दिन शुभ हो।


## कक्षा- 6 विषय- गणित

## इकाई- 5, बीजगणितीय अवधारणा

# बीजगणित से परिचय

गणित की वह शाखा जानों,
बीजगणित कहलाती है।
जिसमें बीजों के प्रयोग से,
समस्याएँ हल की जाती हैं।।



योग की संक्रिया

| संक्रियाएँ | योगफल |
|---|---|
| 3 और 4 जोड़ने पर | 3 + 4 |
| x तथा 4 जोड़ने पर | x + 4 |
| x तथा y जोड़ने पर | x + y |
| a, b तथा c जोड़ने पर | a + b + c |

अंतर की संक्रिया

| | |
|---|---|
| 10 में से 3 घटाने पर | 10 - 3 |
| x में से 5 घटाने पर | x - 5 |
| 5 में से x घटाने पर | 5 - x |
| x में से y घटाने पर | x - y |
| x में से शून्य घटाने पर | x - 0 |

गुणा की संक्रिया - गुणा संक्रिया बार-बार जोड़ने की संक्रिया के समान है। इसे

| | | |
|---|---|---|
| 2+2+....... | 4 बार | = 4×2 = 8 |
| x + x +...... | 4 बार | = 4 × x = 4x |
| a + a +....... | 3 बार | = 3 × a = 3a |
| x + x +...... | y बार | = y × x = yx |
| 1+1+...... | x बार | = x × 1 = x |
| 0+0+...... | x बार | = x × 0 = 0 |

भाग की संक्रिया

| | |
|---|---|
| 20 को 5 से विभाजित करने पर | 20 ÷ 5 = $\frac{20}{5}$ |
| a को b से विभाजित करने पर | a ÷ b = $\frac{a}{b}$, b ≠ 0 |

जो अक्षर, संख्याओं को दर्शाने,
के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।
जैसे- x, y, a, b, क, ख, आदि,
अक्षर संख्या या बीज कहलाते हैं।।




बीजों की सहायता से नियमों, सूत्रों,
को व्यापक रूप से लिखे सकते।
अक्षर संख्याओं के घातांकीय रूप,
आंकिक संख्याओं की भाँति होते।।

योग, अन्तर, गुणन, विभाजन,
की संक्रियाओं का पालन करती।
अक्षर संख्याएँ व इनके समूह,
संक्रियाओं के प्रगुणों पे खरी उतरती।।

## रचना:-



सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 11/12/2025

## काव्यांजलि

2699

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 2

पाठ-20 विषय- हिन्दी (सारंगी 2)

## छुपन-छुपाई



खेल रहे थे सारे बच्चे,
खेल छुपन-छुपाई।
सौ तक गिनती गिने जीत,
अब उसकी बारी आयी।।




दरवाजे के पीछे मोहित,
बबली अलमारी के पीछे।
पलंग के नीचे मिली मारिया,
और सिमरन दादी के पीछे।।

अब केवल थी बची नाजिया,
आँगन में उसे ढूँढ़े जीत।
चादर के पीछे भी ढूँढ़ा,
थककर बाहर आया जीत।।

पेड़ के नीचे खड़ा-खड़ा,
वहाँ सोचने जीत लगा।
नाजिया से धप्पा मिला,
गिनती दुबारा गिनने चला।।



**रचना:-**
नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर
निधौली कलां, एटा

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक
12.12.2025

काव्यांजलि
2700

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 13

## कक्षा- 05 विषय- संस्कृत-सुबोध

# विज्ञान का युग

विज्ञान से हो रहे नित,
नए-नए आविष्कार।
विज्ञान से दिख रहा,
हर घर मे अब चमत्कार।।



दुनिया के हर कोने की सूचना,
विज्ञान से हम तक पहुँच पायी।
विज्ञान ने अन्तरिक्ष के विषय में,
रोचक जानकारी समझायी।।

वायुयान से यात्रा कर हम,
लम्बी दूरी पर जल्दी पहुँच जाते।
विज्ञान के अविष्कार हमारे,
दैनिक जीवन में भी काम आते।।

विज्ञान के आविष्कारों ने,
मानव को चाँद तक पहुँचाया।
विज्ञान में मानव जीवन को,
बुलन्दियों तक पहुँचाया।।

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



रचना:-

मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
दिनांक 13-12-2025
काव्यांजलि
2701
दिन शनिवार
आपका दिन शुभ हो।

# कक्षा- 5, विषय- अक्षरा, पाठ- 14

## लोकगीत (भाग- 2)

## लोकगीत एक परिचय



कई प्रकार के लोकगीत हैं,
आदिवासियों का संगीत।
मध्य प्रदेश, दक्षिण अरु छोटा,
नागपुर में भी भिन्न हैं गीत।।

इनके गीत नृत्य संग चलते,
बड़े दलों में गाये जाते।
पहाड़ी प्रदेशों के भिन्न गीत हैं,
नर-नारी संग इनको गाते।।

अलग-अलग भी ये गाते हैं,
इक-दूजे को देंय जबाब।
इन्हें जबाबी भी कह सकते,
गूँजें दिशा, लखें नर ख्वाब।।

चैता, कजरी, बारहमासा,
सावन गाँव, देहात के गीत।
बाऊल, भटियाली बंगाली,
माहिया पंजाबी हैं गीत।।

रचना:-



जुगल किशोर त्रिपाठी
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर, जनपद- झाँसी

आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक
16 दिसम्बर
2025

# काव्यांजलि

2703

दिन
मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

हमारा भूमण्डल पाठ- 11 कक्षा- 7

## प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (टुण्ड्रा प्रदेश- वनस्पति)

टुण्ड्रा में वनस्पति उगाने के लिये,
ताप-नमी की आवश्यकता होती है।
यहाँ नमी है लेकिन है ताप की कमी,
इसलिए वनस्पति नहीं उग पाती है।।



वही वनस्पति उगती है यहाँ पर,
जिसमें हो क्षमता ठण्ड सहने की।
अत्यधिक ठण्ड के कारण यहाँ,
कमी है सूर्य के प्रकाश की।।



यहाँ अधिकतर पौधे उगते हैं,
पाँच-आठ सेमी ऊँचे गुच्छेदार।
झाड़ियाँ वही विकसित होती हैं,
जहाँ पर हो बर्फ का अम्बार।।



आर्कटिक विलो नामक झाड़ी,
टुण्ड्रा प्रदेश की प्रमुख है झाड़ी।
लाइकेन, काई, बर्च, एल्डर,
हैं ये छोटे पौधे नहीं हैं झाड़ी।।


रचना:-


रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर




शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें




दिनांक
17.12.2025

काव्यांजलि
2704

दिन
बुधवार

पाठ- 11

## कक्षा- 05 विषय- संस्कृत- सुबोध

# चिड़िया

सौम्या के घर में एक छोटी,
चिड़िया रोज आती है।
चीं-चीं करके घर में,
चिड़िया शोर मचाती है।।



सूखी घास का तिनका,
अपनी चोंच मे लाती है।
उन तिनकों को जोड़ कर,
चिड़िया अपना घर बनाती है।।

सौम्या चिड़िया को प्रतिदिन,
खाना और पानी देती है।
चिड़िया दाना और पानी,
पीकर बहुत खुश होती है।।

व्यक्ति के व्यक्तित्व को,
विद्या महान बनाती है।
सत्य-असत्य में भेद करना,
विद्या सिखाती है।।



रचना:-

मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



आपका दिन शुभ हो।

दिनांक
18 दिसम्बर
2025

## काव्यांजलि
2705

दिन
गुरुवार

### कक्षा- 6, विषय- विज्ञान, पाठ- 2

## पदार्थ और पदार्थ के समूह



किसी द्रव को गर्म करो जो,
गैस वह कहलाता है।
पदार्थ की निर्माण इकाई वो,
परमाणु बन जाता है।।

पदार्थ की हैं तीन अवस्था,
ठोस, द्रव और गैस में बँटता।
प्रोटोन, इलेक्ट्रान और न्यूट्रॉन,
परमाणु का करते है निर्माण।।

ठोस का निश्चित होता आकार,
द्रव के अणु हैं दूर अपार।
गैस में हो ना अणु आकर्षक,
ठोस में होवे ना अणु प्रतिकर्षण।।



लोहा, लकड़ी दिखाए कठोरता,
मुलायम होते स्पंज के सोखता।
काँच के टुकड़े होते कठोर,
मुलायम होते ऊन के ढोर।।

**रचना:-**

भगवती (स०अ०)
स० वि० मन्स्या कला
सादाबाद, जनपद- हाथरस

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
19 दिसम्बर
2025


# काव्यांजलि
## 2706

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- ६, विषय- हिन्दी, पाठ- ५

# नीति के दोहे...




दुर्बल को न सताइए,
आहों से डर जाइए।
मरी खाल लोहा पिघलाए,
निर्बल आह! बुरा कर जाए।।

मीठे बोल दवाई जैसे,
कड़वे बोल तीर के जैसे।
बोली संजीवनी जैसा काम,
हृदय को ये दे आराम।।

लोगों की ना देख बुराई,
बुरा ना कोई होता भाई।
अपने अन्दर झाँक के देख,
मिट जाएगा सारा रेख।।

ये संसार बुरा भी भला भी,
चुन लो मोती अच्छाई की।
जैसे सूप है मेल हटाता,
अच्छे अनाज को है अपनाता।।

रचना:-

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कम्पोजिट उ० प्रा० वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक
20-12-2025

## काव्यांजलि
**2707**

दिन
शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

### कक्षा- 6, विषय- संस्कृत-निधि, पाठ- 2

## चित्रपाठः

### महात्मा गाँधी और डॉ० जाकिर हुसैन



कौन है यह? ये राष्ट्रपिता हैं,
मोहनदास करमचन्द गाँधी।
वर्तमान भारत के जनक ये,
हुए प्रसिद्ध कैसे गाँधी?

अहिंसा, सत्याग्रह आन्दोलन,
चला सभी को एक किया।
परतन्त्र देश को करवाया,
इनने स्वतन्त्र ये कार्य किया।।



कौन हैं यह? ये मेरे राष्ट्र के,
तृतीय राष्ट्रपति हैं बतलाता।
डॉ० जाकिर हुसैन नाम हैं,
क्या विशेषता इनकी पाता।।

नूतन प्राइमरी पद्धति जो,
शिक्षा की कहलाती थी।
उसके विशेषज्ञ जाकिर थे,
ये सबके मन को भाती थी।।

### रचनाः-



जुगल किशोर त्रिपाठी
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर, जनपद- झाँसी

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
22.12.2025

काव्यांजलि
2708

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 06, विषय- गृह विज्ञान पाठ- 07, (भाग- 2)

# सिलाई

सिलाई हेतु कैंची फीता, चाक,
सुई, धागा का प्रयोग करते हैं।
इन उपकरणों की सहायता से,
हम आसानी से सिलाई करते है।।



सब हमेशा आवश्यकतानुसार,
कपड़े में सिलाई की जाती है।
कच्ची सिलाई करने के पश्चात,
पक्की सिलाई की जाती है।।

जिस कपड़ो में बटन लगे हो,
उसमें सुन्दर काज बनाते हैं।
कभी तो कपड़े ऐसे फट जाते,
पैंच लगाकर सुधारे जाते हैं।।

अगर कच्चे रंग के कपड़ें हों,
उन्हें सिलने से पहले धोते है।
जो लोग घर में सिलाई करते,
उन्हें बहुत से फायदे होते हैं।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक
23 दिसम्बर
2025

## काव्यांजलि

**2709**

दिन
मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

**हमारा भूमण्डल    पाठ- 11    कक्षा- 7**

### प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (टुण्ड्रा प्रदेश- जीव-जन्तु)



यहाँ रेण्डियर-आर्कटिक लोमड़ी,
मस्क बैल, जन्तु पाए जाते हैं।
कैरिबू, भेड़िया और लेमिंग,
ध्रुवीय भालू पाये जाते हैं।।

यहाँ के बर्फ़ीले समुद्र में,
सील, व्हेल, वालरस पाये जाते हैं।
जो मई-जून के महीनों में,
बाहर स्थल पर आ जाते हैं।।



मस्क बैल के शरीर के ऊपर,
मोटे बालों का होता घना आवरण,
इसी तरह आर्कटिक लोमड़ी के भी,
घने बालों का होता दोहरा आवरण।।



ध्रुवीय भालू-कैरिबू के पैर का,
निचला भाग ऐसा होता है।
गर्मी नहीं निकलती है बाहर,
वह ठण्ड से बच जाता है।।

**रचना:-**


रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर




शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें    9458278429    बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

काव्यांजलि 2710

दिनांक 24.12.2025

दिन बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 12

## कक्षा- 03 विषय- संस्कृत- पीयूषम्

# विद्या




विद्या से मनुष्य के मन में,
विनम्रता का भाव आता है।
विद्या ही मानव को,
सत्य का मार्ग दिखाता है।।

विद्या प्राप्त करके हम,
सभी जगह सम्मान पाते हैं।
विद्या से ही मानव मन में,
सदगुण आ जाते हैं ।।

विद्या ज्ञान मानव मन की,
इन्द्रियों को शुद्ध करता है।
विद्या ज्ञान ही अन्तर्मन में,
अपार शक्ति को भरता है।।

व्यक्ति के व्यक्तित्व को,
विद्या महान बनाती है।
सत्य-असत्य में भेद करना,
विद्या सिखाती है।।



रचना:-

मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 25/12/2025

काव्यांजलि 2711

दिन Thursday

आपका दिन शुभ हो।

## Class 2 Unit 3, Chapter 2

# Between Home And School



Hello! I am Ravi,
In class two, I study.
We go on our foot,
With my friend afoot.

To reach our School,
Take shortest route to school.
We pass paddy fields,
Mango groves & greenfields.



Having fun everyday,
We enjoy each day.
Jumping over the canals,
Watching garden lizards.

Climbing on the trees,
Swinging from branches of trees.
Then main road very cool,
Yet, on time we reach school.



**Written by:**

Supriya Singh (A.T.)
C. S. Baniyamau
Machhrehta, Sitapur

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
26-12-2025

## काव्यांजलि
2712

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

## कक्षा- 6 विषय- गणित

## इकाई- 6, बीजीय व्यंजक

# व्यंजक वृक्ष


बच्चों! परिचय आज हम,
बीजीय व्यंजक से करवाते।
व्यंजक वृक्ष आरेख द्वारा,
इनको विस्तार से समझाते।।

जब कोई चर, अचर संख्या,
या इनके समूह युक्त होते।
गणितीय संक्रिया चिन्हों से,
वे ही बीजीय व्यंजक होते।।

आंकिक, अक्षर संख्या या इनके,
गुणनफल या भागफल पद कहाते।
समान बीजीय गुणनखण्ड सजातीय,
भिन्न हैं जो विजातीय पद होते।।

व्यंजक वृक्ष में व्यंजक को पदों,
पदों को गुणनखण्ड रूप में रखते।
और गुणनखण्डों को अन्त में,
चर, अचर में निरूपित करते।।




रचना:-



सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
29 दिसम्बर
2025

## काव्यांजलि

2714

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 2, विषय- हिन्दी, पाठ- 12

## तोसिया का सपना ...




तोसिया को देखना सपना,
लगता बड़ा ही अपना।
सारे रंग दुनिया से गायब,
देखा सफ़ेद सा सपना।।

घबरायी सी उठी तोसिया,
जब सपने को याद किया।
दौड़ी रसोई दिखें मसाले,
रंग-बिरंगी मिर्ची, धनिया।।

बाग़ में भी थे फूल खिले,
चमेली, गेंदा, गुलाब मिले।
रंग-रंगीले कपड़े, पतंगे,
बाजार अति रंगीन दिखे।।

घर आ फिर सो गयी तोसिया,
नानी संग थी उनकी सखियाँ।
सफ़ेद बाल नानी के देखा,
समझ गई सारी बात तोसिया।।

रचना:-

पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
वि०ख० व जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 30 दिसम्बर 2025

## काव्यांजलि
## 2716

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

**हमारा भूमण्डल  पाठ- 11  कक्षा- 7**

## प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (टुण्ड्रा प्रदेश- मानव जीवन)

ठण्डी के कारण मनुष्यों को यहाँ,
रहने में बहुत परेशानी होती है।
इसलिए जनसंख्या है बहुत कम,
आदिवासी जनजातियाँ पायी जाती हैं।।



उत्तरी अमेरिका, ग्रीन लैण्ड, टुण्ड्रा,
निवासी एस्किमो कहलाते हैं।
फिनलैण्ड के लैप और,
साइबेरिया के याकूत कहलाते हैं।।



लोग रहते हैं बर्फ के घर बनाकर,
जिन्हें इग्लू कहा जाता है।
ठण्डक को कम करने के लिये,
इग्लू में जन्तु की खाल लगाया जाता है।।



खेती करना असम्भव है यहाँ पर,
इसलिए लोग माँस खाते हैं।
मछली, सील, व्हेल, लोमड़ी,
ध्रुवीय भालू का शिकार करते हैं।।

**रचना:-**

रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलायें  9458278429  बेसिक शिक्षा का मान बढाये

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक
31 दिसम्बर
2025

## काव्यांजलि

2716

दिन
बुधवार

पाठ- 2

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 3 विषय- हिन्दी

## मुर्गा और लोमड़ी (भाग- 1)

चित्र देखकर के बच्चों!
जानवरों के नाम लिखने हैं।
अशुद्ध शब्द को करना शुद्ध,
पढ़कर के ही लिखने हैं।।



लूभा, भालू, थीहा, हाथी,
बरीक, बकरी खड़ी हुयी।
इन नामों के चित्र दिये हैं,
मड़ीलो, लोमड़ी चलती हुयी।।

बताओ नाम जो पशु पालतू,
यहाँ-वहाँ जो मिलते हैं।
गाय, भैंस, कुत्ता पालतू,
बन्दर, बिजार घूमते हैं।।

जमीन बारिश में थी गीली,
पेड़ों पर घोंसला चिड़िया का।
मुर्गा ड़रकर पेड़ पर बैठा,
ड़र था उसे लोमड़ी का।।



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
वि० क्षे०- मथुरा, जिला- मथुरा

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें